<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–15.03.2024 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आज से पाँच दिवसीय दौरा, दक्षिण भारत के राज्यों में पार्टी कार्यकर्ताओं को करेंगे संबोधित ।
2. मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन आज कोल्हान विश्वविद्यालय अंतर्गत पोटका और चाकुलिया में डिग्री महाविद्यालय का करेंगे शिलान्यास।
3. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का आज झारखंड दौरा, रांची में खूंटी, लोहरदगा और रांची लोकसभा क्षेत्र कोर कमिटी की बैठक को करेंगे संबोधित।
4. ईडी ने विधायक अंबा प्रसाद के आवास पर छापेमारी के दो सप्ताह बाद कार्यालय में उपस्थित होने के लिए जारी किया समन, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद, हटिया डीएसपी पीके मिश्रा और प्रीति कुमार को भी भेजा समन।
5. केंद्र सरकार ने पेट्रोल डीजल के दाम में की दो रुपये की कटौती, आज सुबह 6 बजे से नई दरें लागू।

*************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज कन्याकुमारी दौरे पर रहेंगे। श्री मोदी कन्याकुमारी के अगाथीस्वरम में विवेकानन्द कॉलेज में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इसके लिए सुरक्षा–व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। तीन हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को इसके लिए तैनात किया गया है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केरल के पथनमथिट्टा में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। वे लोकसभा चुनाव के लिए एनडीए उम्मीदवार अनिल एंटनी के चुनाव प्रचार में भी शामिल होंगे।

*************************

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन आज कोल्हान विश्वविद्यालय अंतर्गत पोटका और चाकुलिया में डिग्री महाविद्यालय का शिलान्यास करेंगे। श्री सोरेन आज पोटका के प्रखंड मैदान और चाकुलिया के मारदाबांध स्टेडियम में आयोजित कार्यक्र म को भी संबोधित करेंगे।

*************************

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज रांची आयेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सबसे पहले चतरा के भद्रकाली मंदिर आएंगे। वह भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इधर रांची स्थित कार्निवाल हॉल में लोहरदगा और रांची लोकसभा क्षेत्र कोर कमिटी की बैठक को भी संबोधित करेंगे।

*************************

निर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉन्ड की लिस्ट कल जारी कर दी है। लिस्ट के अनुसार एक हजार तीन सौ चौंतीस कंपनियों और लोगों ने पांच साल में सोलह हजार पांच सौ अठारह करोड़ रुपये के बॉन्ड खरीदे हैं। चुनावी चंदे के आंकड़े 12 अप्रैल 2019 से 11 जनवरी 2024 तक का है।

*************************

गर्मी की दस्तक के साथ ही धनबाद जिले के ग्रामीण इलाकों में जलसंकट से निपटने की तैयारी जिला प्रशासन ने शुरू कर दी है।

*************************

कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद और उनके पिता योगेंद्र साव को ईडी ने समन भेजा है। ईडी ने सभी से अगले सप्ताह अलग–अलग तारीखों में रांची जोनल ऑफिस में पूछताछ के लिए बुलाया है। वहीं प्रवर्तन निदेशालय ने अवैध खनन मामले में झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मीडिया सलाहकार अभिषेक प्रसाद, हटिया के पूर्व डीएसपी पीके मिश्रा और प्रीति कुमार को 18, 19 और 20 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है। एक अन्य मामले में निदेशालय ने रांची और हज़ारीबाग़ में 20 स्थानों पर 12 मार्च को शुरू किए गए तलाशी अभियान में लगभग 35 लाख रुपये की नकद राशि, डिजिटल उपकरण, सर्कल कार्यालयों, बैंकों के नकली टिकट और हस्तलिखित रसीदों और डायरियों के रूप में विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए।

*************************

लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार ने पेट्रोल डीजल के दाम में दो रुपये घटा दिए हैं। यह दर आज सुबह 6 बजे से लागू कर दी गई है। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मएक्स पर जानकारी दी।

*************************

रेलवे की ओर से रांची से चार होली स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की गई है। इसे लेकर रांची रेल डिविजन की ओर से इसकी घोषणा कर दी गई है।

रांची रेल डिविजन ने स्पेशल ट्रेनों के आने–जाने का समय भी निर्धारित कर दिया है। चार स्पेशल ट्रेनों में तीन बिहार और एक ट्रेन बिहार के रास्ते उत्तर प्रदेश के गोरखपुर शहर तक जाएगी। इसमें रांची–जयनगर–रांची होली स्पेशल ट्रेन 23 मार्च को खुलेगी। वहीं, 24 मार्च को यही ट्रेन, ट्रेन संख्या–08839 बनकर जयनगर से रांची के लिए खुलेगी। दूसरी ट्रेन रांची से कटिहार के लिए 22 मार्च और 29 मार्च को खुलेगी। वहीं, कटिहार से यही ट्रेन 21 और 28 मार्च को खुलेगी। रांची–गोरखपुर–रांची होली स्पेशल ट्रेन रांची से गोरखपुर के लिए खुलेगी। फिर गोरखपुर से रांची के लिए वापसी होगी। वहीं रांची–पूर्णिया–रांची होली स्पेशल ट्रेन 23 मार्च को रांची से खुलेगी। वापसी में यह ट्रेन पूर्णिया से इसी दिन खुलेगी।

*************************

मौसम विभाग ने 16 से 18 मार्च तक राजधानी रांची सहित राज्य के कई इलाकों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना जताई है। रांची सहित रामगढ़, बोकारो, गुमला, खूंटी, सिमडेगा, सिंहभूम और सरायकेला–खरसावां में बारिश के आसार हैं।

*************************

रांची विश्वविद्यालय का 37वां दीक्षांत समारोह आज आयोजित होगा। विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में होने वाले इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन और विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर छियहत्तर विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल मिलेगा जबकि चार हज़ार से ज्यादा छात्र–छात्राओं को उपाधि प्रदान की जाएगी।

*************************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किए हैं। नक्सलियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान टोंटो थाना क्षेत्र अंतर्गत जिम्की इकिर बागान इलाके से जहां पहले 10 आइईडी बम बरामद किए गये थे, वहीं उसी थाना क्षेत्र में तुंबाहाका के पास कल देर शाम 5 किलोग्राम के चार आइईडी, दो हैंड ग्रेनेड और दो डेटोनेटर भी बरामद किए गए। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि सुरक्षा बलों को लक्षित कर नक्सलियों ने यह विस्फोटक लगा रखे थे। श्री शेखर ने कहा कि नक्सलियों के ख़िलाफ़ अभियान जारी रखा गया है।

*************************

बर्मिंघम में ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैम्पियनशिप के पुरूष सिंगल्स में भारत के लक्ष्य सेन क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। लक्ष्य सेन ने डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को 24–22, 11–21, 21–14 से हराया। पुरुष डबल्स में चिराग शेट्टी और सात्विक साईराज रैंकी रेड्डी की जोड़ी इंडोनेशिया के बी. मौलाना और एमएस फिकरी की जोड़ी से 16–21, 15–21 से पराजित हो गई है। यूटिलिटा एरिना में महिला सिंगल्स प्री–क्वार्टर फाइनल मैच में पीवी सिंधु को भी दक्षिण कोरिया की एन से–यंग से 19–21, 11–21 से हार का सामना करना पड़ा है।

अन्य प्री–क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में महिला डबल्स में अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रैस्टो की जोड़ी चीन की झेंग यू और झांग शुक्सियान से 21–11, 11–21, 11–21 से पराजित हो गई।

*************************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने चुनाव आयोग द्वारा चुनावी बॉन्ड के आंकड़े सार्वजनिक किए जाने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

प्रभात खबर और दैनिक भास्कर ने लिखा है– चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट की डेडलाइन से एक दिन पहले सार्वजनिक किए चुनावी बॉन्ड के आंकड़े।

हिन्दुस्तान ने विधायक अंबा प्रसाद को ईडी द्वारा भेजे गए समन को पहले पन्ने पर जगह दी है।

दैनिक जागरण ने कोविंद समिति द्वारा एक देश एक चुनाव पर राष्ट्रपति को सौंपी गयी रिपोर्ट की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दूस्तान टाइम्स ने एक देश एक चुनाव पर कोविंद समिति की रिपोर्ट की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

वहीं राष्ट्रीय नवीन मेल ने डॉक्टर प्रदीप वर्मा और डॉक्टर सरफराज अहमद को राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुने जाने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

***************